तापमान
अधिकतम 33 .0 डिग्री
न्यूनतम 24 .0 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार 5 अक्टूबर 2026

12 पुरुषार्थ से ही गुरु कृपा का पात्र बनता है शिष्य



12 मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र के तौर पर विकसित होंगे



खबर संक्षेप

दो भाइयों पर लोहे की रॉड से हमला, घायल

यमुनानगर। साढ़ौरा थाना क्षेत्र के गांव श्यामपुर में कहासुनी होने पर दर्जन भर से अधिक युवकों ने दो भाइयों पर लोहे की रॉड से हमला कर घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार श्यामपुर निवासी ममता देवी ने साढ़ौरा पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसके बेटे अभिषेक व अंकुश की कुछ दिन पहले दीपक, हर्ष, अमित, अंकित व सौरभ के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। ममता देवी ने बताया कि दो अक्टूबर को रात साढ़े नौ बजे उसका बेटा अभिषेक व अंकुश गांव में ही किसी काम से जा रहे थे। इस दौरान आरोपी दीपक, हर्ष, अमित, अंकित व सौरव ने अपने दर्जन पर साथियों के साथ मिलकर उन्हें रास्ते में रोक लिया और उन पर लोहे की रॉड व विंडो से हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

1416 नशीले कैप्सूल के साथ युवक गिरफ्तार

यमुनानगर। हरियाणा स्टेट नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो यूनिट कुरुक्षेत्र की टीम ने नाका कलानौर बॉर्डर के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1416 नशीले कैप्सूल बरामद किए हैं। आरोपी से बरामद नशीले कैप्सूल की कीमत 80 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। एएसआई राजेंद्र कुमार ने बताया कि देर शाम सूचना मिली थी कि कलानौर बॉर्डर के पास से एक युवक नशीले पदार्थ लेकर यमुनानगर आएगा। जब उन्हें युवक को रोक कर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 1416 नशीले कैप्सूल बरामद हुए। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी रवि के रूप में हुई।

मोबाइल हैक कर खाते से निकाले 74999 रुपये

यमुनानगर। साइबर ठगों ने मोबाइल हैक कर गांव कांसापुर निवासी रामपाल के अकाउंट से 74999 रुपए निकाल लिए। जब रामपाल को अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। जानकारी के अनुसार गांव कांसापुर निवासी रामपाल ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने फेसबुक पर अपना अकाउंट बनाया हुआ है। 27 सितंबर को उसके फेसबुक पर एक विज्ञापन देखा। विज्ञापन में को टीवी एप डाउनलोड करने के लिए कहा गया। उसने जब ऐप डाउनलोड किया तो उसका मोबाइल हैक हो गया। इस दौरान आरोपियों ने उसके गूगल पे के माध्यम से उसके अकाउंट से 74999 रुपये निकाल लिए। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी।

दुपहिया वाहन चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

करनाल। सीआईए-2 प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार के नेतृत्व में टीम ने आरोपियों के कब्जे से चोरीशुदा एक मोटरसाइकिल बरामद की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राहुल कुमार पुत्र महिंद्र और शक्ति पुत्र बनारसी, दोनों निवासी वार्ड नंबर 11, थाना इंद्री, जिला करनाल के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों को थाना इंद्री में दर्ज मुकदमा नंबर 443/2026 में गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने 28 सितंबर को सिविल अस्पताल इंद्री से मोटरसाइकिल चोरी की थी।

ठगों ने युवक के खाते से निकाले 95 हजार रुपए

यमुनानगर। साइबर ठगों ने जुपिटर ऐप के माध्यम से रूपनगर कॉलोनी जगाधरी निवासी पार्थ बंसल के अकाउंट से 95 हजार रुपए निकाल लिए। पार्थ बंसल को जब अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

भाकियू (शहीद भगत सिंह) ने शाहपुर-मोहड़ा मंडी में फूंका सीएम का पुतला

खरीद पर लगी धान की वेरिफिकेशन और सीमा के विरोध में बिफरे किसान

नेता बोले, किसानों को परेशान करने के लिए उपज पर सरकार ने लगाई लिमिट, गेट पास न बन पाने से भी किसान बेहद खफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

मंडियों में धान की खरीद में लगी 26 क्विंटल 26 किलो की सीमा और वेरिफिकेशन में देरी के विरोध में रविवार को भारतीय किसान यूनियन (शहीद भगत सिंह) के सदस्यों ने शाहपुर-मोहड़ा अनाज मंडी में प्रदर्शन किया। किसानों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का पुतला फूंककर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि किसान की उपज पर किसी तरह की लिमिट नहीं लगनी चाहिए और मंडी में आई पूरी धान की खरीद एमएसपी पर होनी चाहिए। किसान नेताओं ने कहा कि एक किसान की उपज 34 से 35 क्विंटल तक निकल रही है। ऐसे में सरकार की ओर से 26 क्विंटल 26 किलो की खरीद सीमा तय करने से बाकी धान किसान कहां बेचेगा। किसानों ने कहा कि धान बेचने की जिम्मेदारी किसान की है जबकि बाहर से आई धान की पहचान और वेरिफिकेशन करना सरकार का काम है। प्रदर्शन के दौरान किसान नेताओं ने कहा कि कई किसानों के पास 34-35 क्विंटल तक धान निकल रही है। सरकार केवल 26 क्विंटल 26 किलो खरीदने की बात कह रही है। उन्होंने कहा कि किसान अपनी पूरी उपज इसी मंडी में बिना किसी कट के बेचना चाहता है, चाहे उत्पादन 40 क्विंटल हो या 45 क्विंटल। उन्होंने कहा कि किसानों को एक जैसी स्थिति में नहीं तोला जा सकता। कुछ किसानों की जमीन और उत्पादन ज्यादा है, इसलिए उनकी धान भी ज्यादा निकलती है। सरकार को वास्तविक उत्पादन के आधार पर खरीद करनी चाहिए। किसानों ने कहा कि कई किसानों की पोर्टल संबंधी प्रक्रिया और वेरिफिकेशन अभी तक पूरी नहीं हुई है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि जिन किसानों की वेरिफिकेशन लंबित है, उसे तत्काल पूरा करवाया जाए। उन्होंने मंडी सचिव से भी किसानों की वेरिफिकेशन करवाने की मांग की। किसानों ने कहा कि अगर मंडी स्तर पर किसानों की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे अधिकारियों के कार्यालयों तक जाकर विरोध दर्ज कराएंगे। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सरकार का यह फैसला किसानों के हित में नहीं है और 26 क्विंटल 26 किलो की लिमिट हटानी होगी। बीकेयू शहीद भगत सिंह के सदस्यों ने मंडी में मौजूद उन किसानों से भी प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की।



अंबाला। सीएम नायब सैनी का पुतला फूंकते किसान। फोटो : हरिभूमि

गेट पास को लेकर किसान खफा

धान की खरीद शुरू होते ही मंडियों में किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। मोहड़ा स्थित नई अनाज मंडी में फसल बेचने पहुंच रहे किसानों को गेट पास न बनने और पोर्टल पर सत्यापन न होने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा संकट अंबाला व शाहबाद के सीमावर्ती गांवों के किसानों और बंपर पैदावार हासिल करने वाले काश्तकारों पर मंडरा रहा है।



धान की सरकारी खरीद न होने से नाराज किसानों ने मार्केट कमेटी के कार्यालय पर लगाया ताला

घरौंडा। धान की सरकारी खरीद न होने से नाराज किसानों ने अनाज मंडी में मार्केट कमेटी कार्यालय पर ताला जड़ते हुए सरकार का पुतला फूंक कर जताया विरोध। किसानों का आरोप धान खरीद को लेकर बोला जा रहा है झूठ, प्रदेश में एक भी किसान को धान का भुगतान नहीं हुआ। रविवार को किसान घरौंडा के किसान भवन में एकत्रित हुए और बाद में सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मार्किट कमेटी कार्यालय में पहुंचे। किसान जगदीप सिंह ने बताया कि सरकार के ऐलान के अनुसार 29 से सितंबर से मंडियों में धान की सरकारी खरीद शुरू है जबकि किसान इन दावों को झूठ बता रहे है। भारतीय किसान यूनियन के नेता जगदीप औलख ने कहा कि मंडियों धान की खरीद नहीं हो रही। फसल में नमी की मात्रा अधिक बता कर अधिकारी खरीद नहीं करते जबकि फसल में नमी की मात्रा 17 प्रतिशत से कम आ चुकी है। राइस मिलर का रजिस्ट्रेशन नहीं हो रहा इसलिए वे मंडी नहीं आ रहे किसानों को परेशान कर धान को कम दामों पर लूटने की तैयारी की जा रही है। किसानों ने बताया कि सीजन शुरू हो चुका है बावजूद इसके फसल पोर्टल पर वेरिफाइड नहीं हुई है, किसानों को गेटपास नहीं मिल रहे। सरकार ने प्रति एकड़ 25 क्विंटल की लिमिट लगा कर किसान को तंग करने का काम किया है। किसानों ने ऐलान किया कि जब खरीद शुरू नहीं होती उनका धरना जारी रहेगा।

ट्रैक्टर और कार की टक्कर कुवि के सुरक्षा कर्मी की मौत



- सिंहपुरा गांव के पास हादसा, भांजा घायल, ट्रैक्टर सवार तीन लोगों को भी लगी चोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

झांसा रोड पर सिंहपुरा गांव के पास रविवार को ट्रैक्टर और कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में कार में सवार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सुरक्षा कर्मी 58 वर्षीय सुरेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका भांजा जोगिंद्र कुमार घायल हो गया। हादसे में ट्रैक्टर चालक समेत उस पर सवार तीन लोगों को भी चोटें आई हैं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के सुरक्षा गुब्बारे खुल गए और ट्रैक्टर बीच से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मृतक सुरेश कुमार मूल रूप से रोहटी गांव के रहने वाले थे। वर्तमान में वह परिवार के साथ डीडी कॉलोनी में रह रहे थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बेटे हैं। कुछ समय पहले ही उन्होंने अपनी बेटी की शादी की थी। पुलिस को दिए बयान में जोगिंद्र कुमार ने बताया कि वह अपनी कार से अपने मामा सुरेश कुमार को कुरुक्षेत्र छोड़ने आ रहा था। सुरेश कुमार कार की अगली सीट पर बैठे थे। जब वे सिंहपुरा गांव के पास पहुंचे तो खेत की ओर से एक लाल रंग का ट्रैक्टर अचानक सड़क पर आ गया। जोगिंद्र के अनुसार वह अपनी तरफ से वाहन चला रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर चालक वाहन को तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए उनकी तरफ ले आया और सामने से कार में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खेत में जा उतरी। वहीं ट्रैक्टर भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसका पिछला पहिया फट गया। पुलिस के अनुसार हादसे के समय ट्रैक्टर पर चालक समेत तीन लोग सवार थे। तीनों को चोटें आई हैं। हादसे के बाद दोनों वाहन मौके पर ही क्षतिग्रस्त अवस्था में खड़े रहे। पुलिस के अनुसार ट्रैक्टर पर नंबर प्लेट भी नहीं लगी थी। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर मौत

टक्कर में जोगिंद्र कुमार घायल हो गया, जबकि सुरेश कुमार के सिर में गंभीर चोट लगी। आसपास के लोगों ने दोनों को उपचार के लिए कुरुक्षेत्र के निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने सुरेश कुमार को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया।

11.48 ग्राम हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

करनाल। हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की करनाल यूनिट ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो युवकों को 11.48 ग्राम हेरोइन (स्मैक) के साथ गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि दोनों आरोपी उत्तर प्रदेश से नशीला पदार्थ लाकर करनाल क्षेत्र में सप्लाई करते थे। यूनिट इंचार्ज निरीक्षक ऋषिपाल सिंह के अनुसार उप-निरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में टीम नशा विरोधी गश्त पर थी। इसी दौरान सूचना मिली कि नंगला कॉलोनी निवासी संजीव और गांव रींडल निवासी लखविंद्र उर्फ काला नशीले पदार्थ की बिक्री करते हैं और इस समय नंगला कॉलोनी में अपने घर के बाहर मौजूद हैं। सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों को काबू किया। तलाशी के दौरान उनकी मोटरसाइकिल के टूल बॉक्स से पन्नी में छिपाकर रखी 11.48 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। मोटरसाइकिल को भी कब्जे में लिया गया है। इस संबंध में



थाना कुंजपुरा में एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब उत्तर प्रदेश से नशीला पदार्थ उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति और करनाल में इससे जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है। निरीक्षक ऋषिपाल सिंह ने लोगों से नशे की बिक्री या तस्करी की सूचना पुलिस अथवा एचएसएनसीबी के 9050891508 या 1933 नंबर पर देने की अपील की है। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

स्टडी वीजा पर विदेश भेजने के नाम पर युवक से हड़पे 20 लाख रुपये

यमुनानगर। स्टडी वीजा पर विदेश भेजने के नाम पर गांधीनगर कॉलोनी निवासी हिमांशु से 20 लाख रुपये हड़प लिए गए। आप कॉलोनी के ही जितेंद्र कुमार पर लगा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांधीनगर कॉलोनी निवासी हिमांशु ने गांधीनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह पढ़ाई के लिए विदेश जाना चाहता था। जुलाई 2024 में उसकी मुलाकात जितेंद्र कुमार के साथ हुई। जितेंद्र कुमार उनकी कालोनी में ही रहता है। आरोपी ने उसे स्टडी वीजा पर विदेश भेजने का आश्वासन दिया। इसके लिए आरोपी ने उससे अलग-अलग करके 20 लाख रुपये ले लिए। आरोपी ने उसे जल्दी स्टडी वीजा पर विदेश भेजने का आश्वासन दिया। मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी ने उसे स्टडी वीजा पर विदेश नहीं भेजा। जब उसने इस बारे आरोपी से बात की तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपी से अपने पैसे वापस मांगे मगर आरोपी ने उसे पैसे देने से मना कर दिया। परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- पुलिस ने आरोपी पर धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई की शुरू

एनएच-44 पर वाहन की टक्कर से महिला की मौत, चालक मौके से फरार

- गांव बुटाना के पास ऑटो का इंतजार करते समय हादसा, चालक वाहन समेत फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

करनाल में राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर गांव बुटाना के पास ऑटो का इंतजार कर रही महिला को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने महिला के भाई की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव झिंझाड़ी निवासी गौरी पत्नी रवि ने पुलिस को बताया कि वह नीलोखेड़ी क्षेत्र स्थित



झिलमिल ढाबे पर रसोई का काम करती है। उसकी मौसेरी बहन नीलम पत्नी अशोक भी इसी ढाबे पर काम करती थी। दोनों 3 अक्तूबर की शाम करीब 7:30 बजे काम खत्म कर घर जाने के लिए निकली थीं। करीब 7:50 बजे दोनों जीटी रोड, एनएच-44 पर गांव बुटाना के पास ऑटो का इंतजार कर रही थीं। गौरी के अनुसार इसी दौरान कुरुक्षेत्र की ओर से तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रहे अज्ञात वाहन ने नीलम को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद नीलम सड़क पर गिर गई। चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

एएसआई संदीप को सौंपी मामले की जांच

राहगीरों की मदद से घायल नीलम को पहले नीलोखेड़ी के सिविल अस्पताल ले जाया गया। वहां से उसे कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल करनाल रेफर किया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। मामले की जांच एएसआई संदीप को सौंपी गई है।

मकान पर कब्जे के विवाद में चोरी का आरोप, 10-12 पर केस

पानीपत। सिवाह गांव में मकान पर कब्जे को लेकर चल रहे विवाद में कृष्ण शर्मा ने दूसरे पक्ष पर घर में घुसकर नकदी, जेवर और घरेलू सामान चोरी करने का आरोप लगाया है। शिकायत पर थाना सेक्टर 29 पुलिस ने अंकुश, अंकित, सुमन, दलबीर समेत 10-12 अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कृष्ण शर्मा के अनुसार 4 सितंबर को आरोपी मकान में घुसे और करीब 1.60 लाख रुपये नकद, करीब डेढ़ तोले के सोने के आभूषण, 250 ग्राम चांदी की पाजेब, तागड़ी, गुच्छा, कांसे-पीतल के बर्तन, गैस चूल्हा और सीसीटीवी कैमरे ले गए। आरोप है कि इसके बाद मकान पर ताला लगा दिया गया। शिकायतकर्ता ने इससे पहले 19 अगस्त को भी इन्हीं लोगों पर मकान में घुसकर कब्जे का प्रयास करने और उसकी बेटी के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया था। कृष्ण शर्मा ने दावा किया कि चोरी की घटना पड़ोसी के सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है और फुटेज पेन ड्राइव में पुलिस को दी जाएगी। मकान का सिविल विवाद अदालत में विचाराधीन है।



हाइवे पर डंफर ने एक दंपति को मारी टक्कर महिला की मौके पर मौत और पति गंभीर घायल

घरौंडा। हाईवे को क्रॉस करते समय एक डंफर ने एक दंपती को टक्कर मार दी। जिसमें महिला की मौके पर ही मौत हो गई और उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मधुबन पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने महिला का शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्डम करवाने के लिए करनाल भेज दिया है। पुलिस ने डंफर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रविवार को कुरुक्षेत्र जिला के गांव संदोली के रहने वाले राजकुमार व उसकी पत्नी कांता के साथ गांव दाह में अपनी बेटी से मिलने के लिए आए हुए थे। हादसा दोपहर बाद का है। जब दंपति गांव दहा में जाने के लिए सड़क क्रॉस कर रहे थे तो पानीपत की ओर से आ रहे एक डंफर ने दंपति को टक्कर मार दी।हादसे में 55 वर्षीय महिला कांता देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका पति राजकुमार घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगो ने घटना की सूचना मधुबन पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की।

58.6 लाख की सुपुर्ददारी याचिका खारिज, हिरासत में आरोपी

पानीपत। आसाराम बापू केस के मुख्य गवाह महेंद्र चावला और उसके परिवार पर 70 लाख रुपये की रंगदारी व ब्लैकमेलिंग के आरोपों से जुड़े मामले में पानीपत अदालत ने जब्त 58 लाख 65 हजार रुपये की सुपुर्ददारी की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। श्रडप्ड आदित्य जैन की अदालत ने कहा कि जब्त राशि मामले में महत्वपूर्ण साक्ष्य है और इसे जारी करने से केस प्रभावित हो सकता है। शिकायतकर्ता भगत सिंह के अनुसार दिसंबर 2025 में महेंद्र चावला की मां गोपाली देवी ने कथित तौर पर कोर्ट केस में समझौते के लिए रकम की मांग की थी। आरोप है कि 1 मार्च को महेंद्र को 70 लाख रुपये दिए गाए जिसे उसका भाई देवेंद्र और उसका बेटा राम एक मीडिएटर के घर से लेकर गए। बाद में 80 लाख रुपये अतिरिक्त मांगने और गवाही बदलने का भी आरोप लगाया गया। अदालत में महेंद्र चावला, देवेंद्र चावला और राम प्रसाद ने आरोपों को झूठा बताया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने सुपुर्ददारी याचिका खारिज करते हुए तीनों आरोपियों को 14 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

नशा तस्करी नेटवर्क पर पुलिस की कार्रवाई, 2.6 किलो गांजा बरामद

पानीपत। सीआईए श्री पुलिस ने नशा तस्करी के मामले में गांव वैसर निवासी राजेश उर्फ गांजा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 किलो 658 ग्राम गांजा बरामद किया। सीआईए श्री प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि 7 सितंबर को पुलिस ने इसराना के पलड़ी मोड़ से राम भगत पुत्र बदलू निवासी गांधी कॉलोनी, इसराना को 5 किलो 50 ग्राम गांजे सहित गिरफ्तार किया था। पूछताछ में राम भगत ने राजकुवार निवासी लोढ़ा बस्ती, मनाना रोड, समालखा से 10 किलो गांजा खरीदने की बात बताई थी। राजकुवार पहले से एनडीपीएस के एक मामले में फरीदाबाद जेल में बंद था। पुलिस ने उसे प्रोडक्शन वारंट पर लाकर रिमांड लिया। पूछताछ में उसने राजेश उर्फ गांजा को भी 10 किलो गांजा बेचने की बात स्वीकार की। उसकी निशानदेही पर राजेश को गिरफ्तार कर झाड़ियों से 2 किलो 658 ग्राम गांजा बरामद किया गया। पुलिस नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

ढोल की थाप पर झूमे खेल प्रेमी, आतिशबाजी व पुष्प वर्षा से अभिनंदन

गोल्ड जीतकर पहुंची नवनीत कौर, पैतृक गांव में हुआ स्वागत

समारोह में कोच बलदेव सिंह, ओलम्पियन रानी रामपाल सहित कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाहबाद

देश के लिए गोल्ड मेडल जीतकर शाहाबाद पहुंची भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ी नवनीत कौर का उनके पैतृक गांव बोरीपुर में भव्य एवं भावुक स्वागत किया गया। जैसे ही नवनीत कौर गांव पहुंची, खेल प्रेमियों और ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। पूरे गांव में आतिशबाजी की गई और नवनीत कौर पर पुष्प वर्षा कर उनका जोरदार अभिनंदन किया गया। ढोल की थाप पर खेल प्रेमियों ने भंगड़ा डालकर अपनी खुशी का इजहार किया और नवनीत कौर को देश के लिए शानदार उपलब्धि हासिल करने पर बधाई दी। नवनीत कौर के स्वागत के लिए उनके कोच पद्मश्री अवार्डी कोच बलदेव सिंह के साथ भारतीय महिला हॉकी टीम का हिस्सा रहीं ओलम्पियन रानी रामपाल, बलविंदर कौर, मीनाक्षी, रजनी, पार्षद ईशा सचदेवा सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी और गणमान्य लोग पहुंचे। नवनीत कौर ने सबसे पहले अपने कोच पद्मश्री बलदेव सिंह से मुलाकात की। इसके बाद वह अपने पिता बूटा सिंह और माता बलविंदर कौर से मिलीं। माता-पिता से मिलते समय नवनीत कौर भावुक हो गईं और परिवार के सदस्यों ने भी बेटी की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की।



शाहबाद। नवनीत कौर का अभिनंदन करते कोच बलदेव सिंह और खेल प्रेमी।

ओलंपिक टिकट पर नवनीत की नजर

जिला खेल विभाग की ओर से भी नवनीत कौर का सम्मान किया गया। हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन सुभाष कलसाना की ओर से तथा सांसद नवीन जिंदल की ओर से पहुंचे प्रतिनिधि ने भी नवनीत कौर को सम्मानित किया। इस दौरान खेल प्रेमियों ने नवनीत कौर को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अब उनकी नजर सीधे ओलम्पिक की टिकट पर है और जिस तरह उन्होंने देश के लिए गोल्ड जीतकर गौरव बढ़ाया है, उसी तरह ओलम्पिक में भी शानदार प्रदर्शन कर देश के लिए पदक जीतें। इस अवसर पर पद्मश्री अवार्डी कोच बलदेव सिंह, चेयरमैन सुभाष कलसाना, नवनीत के पिता बूटा सिंह, नगरपालिका के पूर्व प्रधान हरीश क्वात्रा, पार्षद ईशा सचदेवा, मंजीत नागपाल, डा. आर.एस. घुम्मन, अधिवक्ता मनदीप रावा, रिंकू बैरागी, आकाशदीप मेहला, रोहित सैनी यारा मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

हरियाणा के चार शहरों में पहुंची 'अमेजन नाउ'

करनाल। ई-कॉमर्स कंपनी अमेज़न ने अपनी अल्ट्रा-फास्ट डिलीवरी सेवा 'अमेज़न नाउ' का हरियाणा में विस्तार करते हुए करनाल, अंबाला, जींद और पानीपत को इसके दायरे में शामिल किया है। कंपनी के अनुसार सेवा अब देश के 120 से अधिक शहरों में उपलब्ध है और पिछले दो सप्ताह में इसका नेटवर्क दोगुना हुआ है। 'अमेज़न नाउ' के माध्यम से ग्राहकों को रोजमर्रा की जरूरत का सामान कम समय में उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। इसमें किराना, फल-सब्जियां, फ्रोजन फूड, पर्सनल केयर, फैशन, ब्यूटी, छोटे घरेलू उपकरण तथा होम और किचन से जुड़े उत्पाद शामिल हैं। कंपनी के मुताबिक ऑर्डरों की आपूर्ति माइक्रो और अर्बन फुलफिलमेंट सेंटर के नेटवर्क से की जा रही है। अमेज़न इंडिया के उपाध्यक्ष-एवरीडे एसेंशियल्स हर्ष गोयल ने कहा कि सेवा का विस्तार देश के अलग-अलग हिस्सों तक किया जा रहा है। कंपनी के अनुसार सितंबर में अमेज़न नाउ की वार्षिक सकल बिक्री एक अरब डॉलर तक पहुंची थी। अब इसे 300 से अधिक शहरों तक पहुंचाने की योजना है।

कंपनी ने बताया कि 8 अक्तूबर से शुरू होने वाले अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान सेवा पर विभिन्न उत्पाद उपलब्ध रहेंगे।

विकास और जनसेवा के एजेंडे पर आगे बढ़ रहा घरौंडा : हरविंद्र कल्याण

सेवा ज्योति कलश यात्रा का चौरा में स्वागत, ग्रामीणों को बताईं योजनाएं

चौपालों और महिला चौपालों के निर्माण व सुधार का काम जल्द शुरू होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल/घरौंडा



करनाल। गांव चौरा में सेवा ज्योति कलश यात्रा का स्वागत करते विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण।

सेवा संकल्प अभियान के तहत निकाली जा रही सेवा ज्योति कलश यात्रा रविवार को गांव चौरा पहुंची। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ग्रामीणों के साथ यात्रा का स्वागत किया।

यात्रा के माध्यम से केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाई जा रही है। हरविंद्र कल्याण ने कहा कि सेवा ज्योति कलश यात्रा का उद्देश्य सरकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाना तथा पात्र लोगों तक उनका लाभ लेने के लिए जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ समाज के सभी वर्गों में सेवा भावना जरूरी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में करीब 80 से 85 नई सड़कों का निर्माण कराया गया है। मेडिकल विश्वविद्यालय और महाविद्यालय जैसी बड़ी परियोजनाओं पर काम हुआ है तथा गांवों में बिजली की सुविधा मजबूत हुई है। सामुदायिक केंद्रों और तालाबों के निर्माण एवं जीर्णोद्धार के कार्य भी कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि चौपालों और महिला चौपालों के निर्माण व सुधार का काम जल्द शुरू होगा, जबकि गंदे पानी की निकासी के लिए नालों का काम मंजूर किया जा चुका है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विकास कार्यों में जनभागीदारी जरूरी है। उन्होंने सरपंचों और स्थानीय प्रतिनिधियों से निष्पक्षता के साथ लोगों की समस्याओं का समाधान कराने की अपील की। इसके बाद हरविंद्र कल्याण गांव कुटेल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता और फिट इंडिया खेल सत्र में पहुंचे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और स्वयं भी पिच पर शॉट लगाया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने के साथ स्वास्थ्य के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने ग्रामीणों और युवाओं को साइबर सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए।

महिलाओं के हाथों की कमाई में अधिक बरकत : हरविन्द्र

कल्याण। घरौंडा में प्रदेश का पहला महिला प्रशिक्षण केंद्र बनाया जा रहा, छह माह में होगा तैयार

हरिभूमि न्यूज़ करनाल

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि समाज की मजबूती के लिए महिलाओं का स्वावलंबी होना जरूरी है। महिलाओं को बेहतर उत्पाद तैयार करने और बाजार में उचित मूल्य दिलाने के लिए घरौंडा में प्रदेश का पहला प्रशिक्षण केंद्र बनाया जा रहा है, जो करीब छह माह में तैयार होगा। विधानसभा अध्यक्ष गांव कोहंड में सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित खंड स्तरीय आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इससे पहले उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र परिसर में पौधारोपण किया। कार्यक्रम में गोद भराई, कुआं पूजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए।

न्यूज डायरी



आर्य समाज के कार्यक्रम में सामाजिक सुधारों पर मंथन

करनाल। आर्य समाज मंदिर सेक्टर-13 के 42वें वार्षिक उत्सव के तहत रविवार को प्रातःकालीन सत्र की शुरुआत देव यज्ञ से हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य केंद्रीय सभा के पूर्व प्रधान सत्येंद्र मोहन कुमार ने की, जबकि आर्य समाज रमेश नगर के मंत्री अमर सिंह आर्य मुख्य अतिथि रहे। दीपक कंबोज और सौरभ ठुकराल विशिष्ट अतिथि रहे। यज्ञ के मुख्य यजमान वेदरतन आर्य और नीलम आर्या रहे। सायंकालीन सत्र में मातृ शक्ति सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने गुलामी के दौर में देश की स्वतंत्रता और सामाजिक जागृति के लिए क्रांति का संदेश दिया।



स्कीम वर्कर्स ने उठाई 42 हजार वेतन की मांग

सैकड़ों वर्कर्स ने प्रदर्शन कर सांसद कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज़:करनाल। विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेशभर में स्कीम वर्कर्स द्वारा बिजली मंत्री को ज्ञापन सौंपने के आह्वान के तहत करनाल में आंगनवाड़ी, आशा और मिड-डे मील वर्कर्स ने प्रदर्शन किया। सेक्टर-12 स्थित फव्वारा पार्क में आयोजित जनसभा की संयुक्त अध्यक्षता आंगनवाड़ी जिला प्रधान रेखा रानी, मिड-डे मील जिला प्रधान शिमला और आशा वर्कर्स जिला प्रधान नीरू ने की। उन्होंने 42 हजार रुपये न्यूनतम मासिक वेतन और पूरे 12 महीने वेतन देने की मांग की। वर्कर्स ने ग्रेच्युटी, सेवानिवृत्ति लाभ और 21 हजार रुपये मासिक पेंशन देने, मिड-डे मील वर्कर्स की छंटनी रोकने और छंटनी किए गए वर्कर्स को बहाल करने की मांग भी उठाई।



बंतो कटारिया का महापौर ने किया स्वागत

करनाल। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अवसर और सम्मान मिलना मजबूत एवं समावेशी समाज की पहचान है। अनुसूचित जाति सहित वंचित और जरूरतमंद वर्गों को उनके अधिकारों तथा सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जागरूकता जरूरी है। महापौर रविवार को पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग की चेयरपर्सन बंतो कटारिया के करनाल आगमन पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने पुष्पगुच्छ भेंट कर बंतो कटारिया का अभिनंदन किया और उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं। रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि सामाजिक न्याय केवल सरकारी योजनाओं और नीतियों तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को बराबरी का अधिकार, सम्मान और आगे बढ़ने का अवसर देना भी इसकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के अवसरों को मजबूत करने के लिए जनप्रतिनिधियों, प्रशासन और सामाजिक संस्थाओं को मिलकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जागरूकता के अभाव में पात्र लोग कई बार सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ नहीं उठा पाते। ऐसे में लोगों तक योजनाओं और अधिकारों की जानकारी पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने विश्वास जताया कि हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग जरूरतमंद लोगों की समस्याओं को उचित मंच तक पहुंचाने में प्रभावी भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर आयोग की पूर्व चेयरपर्सन मेघा भंडारी, पार्षद अमृत लाल जोशी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



पितृपक्ष में श्री राम कथा का विधिवत समापन

तरावड़ी। श्री राम सेवा मंडल तरावड़ी एवं नगर वासियों के सहयोग से पितृपक्ष के पावन अवसर पर शिव शक्ति सत्संग भवन में आयोजित संगीतमय श्री राम कथा का रविवार को विधिवत रूप से समापन हो गया। कथा के अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा स्थल पर पहुंचे और भगवान श्री राम के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की। इस अवसर पर समाजसेवी रजनीश लूथरा को कथावाचक आनन्द आनंद ने सम्मानित किया। पूरे आयोजन के दौरान सत्संग भवन में भक्तिमय वातावरण बना रहा तथा श्रद्धालु भजनों और धार्मिक प्रसंगों में भाव-विभोर नजर आए। कथा के समापन अवसर पर कथा वाचक अनंत आनंद ने भगवान श्री राम के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, मर्यादा, संस्कार और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम का जीवन प्रत्येक व्यक्ति के लिए आदर्श है। उनके जीवन से हमें माता-पिता का सम्मान करने, बड़ों का आदर करने, सत्य का साथ देने और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रेरणा मिलती है।

कांग्रेस नेत्री सैलजा ने चुनाव आयोग पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल पहुंचने पर कार्यकर्ताओं से बातचीत करती कुमारी सैलजा।

हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद कुमारी सैलजा ने करनाल पहुंचकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हरियाणा के भाजपा विधायकों के साथ 3 अक्तूबर को हुई बैठक, किसानों के प्रदर्शन, चुनाव आयोग और उत्तराखंड के हालात सहित विभिन्न मुद्दों पर कांग्रेस का पक्ष रखा।

सैलजा ने प्रधानमंत्री की भाजपा विधायकों के साथ बैठक पर सवाल उठाते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बने कई वर्ष हो चुके हैं, लेकिन हरियाणा में अपेक्षित बदलाव नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा को प्रदेश में तीन बार मौका मिल चुका है और जनता के बीच सरकार के कामकाज को लेकर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास टूटने के बाद उसे दोबारा हासिल करना आसान नहीं होता। किसानों के प्रदर्शनों को लेकर सैलजा ने कहा कि किसानों के साथ अन्याय होने पर गांव-गांव प्रदर्शन होना स्वाभाविक है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों के मुद्दों को सरकार लगातार टाल रही है। उन्होंने धान खरीद और फसल से जुड़े आंकड़ों पर भी सवाल उठाते हुए वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। सैलजा ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि आयोग को अपनी जिम्मेदारी निष्पक्ष तरीके से निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव से जुड़े सवालों पर विपक्ष की ओर से कई बार मुद्दे उठाए गए, लेकिन उन्हें अपेक्षित जवाब नहीं मिला। उन्होंने कहा कि समय आने पर जनता स्वयं चुनाव के माध्यम से अपना फैसला करेगी। उत्तराखंड के हालात पर सैलजा ने आरोप लगाया कि वहां भ्रष्टाचार और अन्याय के मुद्दे सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इन मुद्दों को जनता के बीच उठाती रहेगी।



चावल मिल में कथाव्यास देवी चित्रलेखा का स्वागत

तरावड़ी। प्रसिद्ध कथा वाचक एवं आध्यात्मिक वक्ता देवी चित्रलेखा का रविवार को के. एस. ओवरसीज मिल में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर राइस मिल के मालिक पंकज गोयल एवं हर्ष गोयल सहित बृजभूषण गोयल, आशू गोयल परिवार सहित ने कथा व्यास देवी चित्रलेखा का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत करते हुए उनके आध्यात्मिक एवं धार्मिक कार्यों की सराहना की। उद्योगपति पंकज गोयल एवं ममता गोयल ने बताया कि देवी चित्रलेखा ने अल्पायु में ही सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार का कार्य शुरू कर दिया था। अपनी आध्यात्मिक प्रतिभा और प्रभावशाली वाणी के माध्यम से उन्होंने देश-विदेश में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को सनातन संस्कृति एवं धार्मिक मूल्यों से जोड़ने का कार्य किया है। उनके प्रवचनों में भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति, भारतीय संस्कृति, संस्कार और मानव जीवन में सदाचार के महत्व पर विशेष जोर दिया जाता है। देवी चित्रलेखा आज भारत के साथ-साथ विदेशों में भी धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजनों के माध्यम से सनातन धर्म का संदेश पहुंचा रही हैं। उनके आगमन की जानकारी परिवार के सदस्य बृजभूषण गोयल, आशू गोयल, ममता गोयल, विनीता गोयल, हर्ष गोयल, पर शहर के अनेक गणमान्य लोगों ने भी उनसे मुलाकात की।



भाजपा के शासनकाल में हर वर्ग परेशान: सैलजा

घरौंडा। कांग्रेस सांसद कुमारी शैलजा ने कहा है प्रदेश में भाजपा के शासनकाल में हर वर्ग परेशान हो गया है, क्योंकि सरकार के पास कोई नीति नहीं है। मंडियों में धान की खरीद नहीं हो रही है। किसान व मजदूर परेशान हो गए हैं। दूसरे राज्यों से आए श्रमिकों को रोजगार के लिए तड़फना पड़ रहा है।

कांग्रेस की सांसद कुमारी शैलजा रविवार को नई अनाज मंडी में पहुंची और धान की खरीद की स्थिति का जायजा लेते हुए किसानो व मजदूरों से संवाद किया। किसानो ने बताया कि मंडी में कई दिन से धान लेकर आए लेकिन सरकारी एजेंसी खरीद नहीं कर रही है।बाद में कांग्रेस नेता रघुबीर संधू की दुकान पर पहुंच कर प्रैस वार्ता की। उन्होंने कहा कि धान की खरीद करने के लिए सरकार के पास कोई इंतजाम नहीं है। किसान अपनी धान बेचने के लिए धक्के खा रहा है और मजदूर रोजगार के लिए परेशान हैं। उन्होंने कहा कि किसान कई दिनों से अपनी धान की फसल लेकर मंडियों में पहुंच रहा है, लेकिन खरीद प्रक्रिया को लेकर उसे दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

करनाल में भारतीय खेत मजदूर यूनियन की बैठक

करनाल। भारतीय खेत मजदूर यूनियन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक रविवार को करनाल में शुरू हुई। बैठक से पहले सीपीआई के राष्ट्रीय सचिव डॉ. गिरीश शर्मा ने पीसी जोशी भवन में नवनिर्मित शहीद भगत सिंह सम्मेलन हाल और यकीन सिंह यादगार हाल का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय खेत मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक कामरेड एन. पेरियासामी ने की, जबकि सीपीआई के हरियाणा राज्य सचिव दरियाव सिंह कश्यप ने संचालन किया। उद्घाटन सत्र को डॉ. गिरीश शर्मा, पूर्व सांसद नागेंद्र नाथ ओझा, गुलजार सिंह गोरिया, वी.एस. निर्मल, केरल के विधायक कामरेड गोविंदनगर, फूल चंद यादव और जिले सिंह पाल ने संबोधित किया। हरियाणा एटक और सीपीआई की हरियाणा राज्य परिषद ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों का फूलमाला, बैग और शाल भेंट कर स्वागत किया।

इसके बाद शहीद भगत सिंह सम्मेलन हाल में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक शुरू हुई। राष्ट्रीय महासचिव कामरेड गुलजार सिंह गोरिया ने यूनियन की राष्ट्रीय स्तर की गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

गीता को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत: राकेश



तरावड़ी। शांतिवन गौशाला के प्रधान राकेश गर्ग ने कहा कि पवित्र गीता ग्रंथ पूरी दुनिया को अध्यात्म और दार्शनिक तरीके से देखना-समझना सिखाता है, जिंदगी को जीना सिखाता है। हम - अपने जीवन और उसके उदेश्यों को लेकर कई तरह के प्रश्नों से जूझते रहते है, लेकिन यह पवित्र ग्रंथ हमें हर प्रश्नों का जवाब बहुत अच्छे तरीके से देता है। यह ज्ञान हर मनुष्य के लिए जरूरी है। पवित्र ग्रंथ गीता में कहा गया है कि चिंता चिता के सम्मान है। उद्योगपति और समाजसेवी राकेश गर्ग ने कहा कि पवित्र ग्रंथ गीता विश्व का एक महान ग्रंथ है।

समाज मे रहकर असहाय परिवारों की सेवा करता रहूं: नंदकिशोर खुराना



तरावड़ी। जब शहर के किसी साधन संपन्न परिवार के किसी सदस्य को शहर की किसी धार्मिक संस्था का अध्यक्ष बनाकर उसे उसकी कमान सौपी जाती है तो वह उसे परिवार को यह समझ लेना चाहिए कि उस पर भगवान का आर्शीवाद मिला है जो कि इस माध्यम से समाज सेवा करने का मौका मिला है। इस शहर में पंजाबी बिरादरी के मसीहा रहे स्वर्गीय लाला नारायण दास खुराना के बेटे नंदकिशोर खुराना पिछले काफी लंबे समय से पंजाबी धर्मशाला के अध्यक्ष पद पर रहकर समाज की सेवा करने में लगे हुए हैं। अगर हम लाला नारायण दास खुराना के परिवार की बात करें तो एक ऐसा वक्त ऐसा भी आया था जब दो वक्त की रोटी के लिए उन्होंने मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करना पड़ा था। समय समय एक सा नही रहता उन्होने अपनी बिरादरी के हर समय दिनरात एक कर के उत्थान के लिये समाज के लोगो के कार्य किये। उस सेवाभाव के बदले भगवान की अपार कृपा बरसी। भगवान ने इस परिवार पर इतनी कृपा बरसाई कि उस जमाने में 150 एकड़ भूमि खरीद करने का इतिहास भी इसी परिवार के नाम है।



करनाल। नई अनाज मंडी में किसानों से धान खरीद व्यवस्था की जानकारी लेते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह व प्रदेश प्रभारी संजय दत्त।

धान खरीद में देरी से किसान परेशान कांग्रेस ने मंडी में उठाया मुद्दा

करनाल। धान खरीद के सीजन में करनाल की नई अनाज मंडी में किसानों को आ रही दिक्कतों को लेकर कांग्रेस ने सरकार को घेरा है। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह और प्रदेश कांग्रेस प्रभारी संजय दत्त ने रविवार को मंडी का दौरा कर किसानों और आढ़तियों से खरीद व्यवस्था की जानकारी ली। किसानों ने खरीद में देरी और मंडी में इंतजार समेत अन्य समस्याएं नेताओं के सामने रखीं। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि किसान अपनी फसल लेकर मंडी में पहुंच चुका है, लेकिन समय पर खरीद नहीं होने से उसे परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि धान खरीद के दौरान मंडियों में अधिकारियों और खरीद एजेंसियों की पर्याप्त मौजूदगी सुनिश्चित की जानी चाहिए। किसानों को कई-कई दिन इंतजार करना पड़ता है तो इसका सीधा असर उनकी अगली फसल की तैयारी पर पड़ता है। संजय दत्त ने कहा कि किसान के लिए फसल की समय पर खरीद उतनी ही जरूरी है, जितना उचित मूल्य मिलना। उन्होंने कहा कि खरीद में देरी से किसान स्थानीय व्यापारियों को कम कीमत पर फसल बेचने के लिए मजबूर हो सकता है। कांग्रेस नेताओं ने सरकार से मंडियों में खरीद व्यवस्था सुचारू करने और किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाने की मांग की।

शिक्षकों का छह दिवसीय प्रशिक्षण 5 अक्टूबर से

करनाल। निपुण हरियाणा मिशन के तहत जिला शिक्षा विभाग की ओर से जिले के करीब 2400 प्राथमिक अध्यापकों का छह दिवसीय प्रशिक्षण 5 अक्तूबर से सभी खंडों में शुरू किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा के मार्गदर्शन और जिला निपुण समन्वयक अंशुल के नेतृत्व में आयोजित प्रशिक्षण का उद्देश्य प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना है। जिला निपुण समन्वयक अंशुल ने बताया कि प्रशिक्षण में शिक्षकों की विषय संबंधी समझ, शिक्षण कौशल और गतिविधियों में प्रदर्शन का आकलन किया जाएगा। प्रत्येक बैच में 40 शिक्षक शामिल होंगे तथा शिक्षकों की संख्या के अनुसार प्रत्येक खंड में बैच बनाए जाएंगे। इंद्री के खंड शिक्षा अधिकारी गुरनाम सिंह मंढान एवं निपुण समन्वयक धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि इस बार परीक्षा को विशेष महत्व दिया गया है।

विचार और संस्कारों को बदलती है संगति : देवी चित्रलेखा

- सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा उत्सव का समापन, हजारों श्रद्धालुओं ने लिया धर्मलाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

श्री खाटू श्याम कीर्तन मंडल की ओर से गोल्डन मोमेंट्स बैंक्वेट हॉल में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा उत्सव का रविवार को विश्राम हुआ। कथा के दौरान विश्वविख्यात कथावाचक देवी चित्रलेखा ने श्रद्धालुओं को सत्संग और कुसंग के महत्व से अवगत कराया। सात दिनों तक चले आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर धर्मलाभ उठाया। देवी चित्रलेखा ने कहा कि मनुष्य के जीवन में यह तय करना जितना जरूरी है कि किसका संग करना



श्रीमद्भागवत कथा उत्सव के दौरान श्रद्धालुओं को प्रवचन देतीं कथावाचक देवी चित्रलेखा।

चाहिए, उससे अधिक जरूरी यह समझना है कि किसका संग नहीं करना चाहिए। संगति का व्यक्ति के विचार, व्यवहार, संस्कार और भक्ति पर गहरा प्रभाव पड़ता है। अच्छी संगति व्यक्ति को भगवान और सद्मार्ग की ओर ले जाती है, जबकि कुसंग धीरे-धीरे उसे भक्ति से दूर कर देता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को ऐसे लोगों की संगति करनी चाहिए जिनके जीवन में भगवान का स्मरण, भजन, सेवा, सदाचार और अच्छे संस्कार दिखाई देते हों। कुसंग का प्रभाव शुरुआत में दिखाई नहीं देता, लेकिन धीरे-धीरे विचार और व्यवहार बदलने लगते हैं तथा सांसारिक विषयों में रुचि बढ़ जाती है। देवी चित्रलेखा ने कहा कि केवल कथा सुन लेना पर्याप्त नहीं है। कथा का वास्तविक लाभ तभी है जब उसके संदेश को व्यक्ति अपने जीवन में उतारे। आयोजन में अंकुर गुप्ता, आशीष गुप्ता, अक्षत गुप्ता, सुनील सिंगला, विकास सिंगला, प्रशांत गोयल, अनुभव बंसल, विपिन गुप्ता, भाविक गुप्ता, योगेश सिंगला, रजत गर्ग, नीतिश गोयल, रोहित गर्ग, कर्ण बंसल आदि रहे।



सतगुरु की कृपा से ही संभव है परमात्मा की अनुभूति

करनाल। सेक्टर-32 में आयोजित विशाल निरंकारी सत्संग में निरंकारी राजपिता रमित ने कहा कि मानव जीवन का मूल उद्देश्य परमात्मा की प्राप्ति करना है और यह अनुभूति सतगुरु की कृपा से ही संभव होती है। उन्होंने कहा कि जब साधक अपनी 'मैं' अर्थात अहंकार को समर्पित कर सतगुरु के चरणों में शीश झुकाता है, तब उसे निरंकार प्रभु के ज्ञान की प्राप्ति होती है।

उन्होंने कहा कि ब्रह्मज्ञान प्राप्त होने के बाद मनुष्य की नजर और नजरिया दोनों बदल जाते हैं। वह नफरत के स्थान पर प्रेम को अपनाता है और समस्त प्राणी जगत में निरंकार का स्वरूप देखने लगता है। इससे जीवन आनंद और प्रसन्नता से भर जाता है। निरंकारी राजपिता रमित ने कहा कि परमात्मा के होने या न होने से जुड़े अनेक प्रश्नों का समाधान सतगुरु ब्रह्मज्ञान के माध्यम से करते हैं। परमात्मा का एहसास होने के बाद जीवन में हर पल शुक्राने का भाव जागृत होता है। उन्होंने कहा कि सतगुरु मनुष्य को बंधनों में नहीं बांधते, बल्कि अज्ञान और भ्रम के बंधनों से मुक्त होकर जीवन जीने की कला सिखाते हैं। उन्होंने साध-संगत से गुरमत के अनुसार भक्ति के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ने तथा तंगदिली, वैर-विरोध और संकीर्णता से ऊपर उठकर प्रेम, सहनशीलता और मानवीय मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। सत्संग में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। करनाल जोनल इंचार्ज सतीश हंस ने निरंकारी राजपिता रमित का स्वागत किया तथा साध-संगत और स्थानीय प्रशासन के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।



स्वास्थ्य व नशा मुक्ति के लिए निकाली पदयात्रा

घरौंडा। बेहतर स्वास्थ्य एवं नशा मुक्ति अभियान के तहत प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से रविवार को घरौंडा में स्वास्थ्य एवं नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों, विशेषकर युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के तहत रेलवे स्टेशन से क्राउन सिटी तक जागरूकता पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा में नगरपालिका चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता ने मुख्य रूप से शिरकत की। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ उसके परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। युवाओं को अपनी ऊर्जा सकारात्मक गतिविधियों में लगाने तथा स्वस्थ जीवन को अपनाने के लिए आगे आना चाहिए। इस अवसर पर रेनू बहन ने बताया कि ब्रह्माकुमारीज की ओर से देश को विकसित बनाने और समाज को नशामुक्त करने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में घरौंडा में स्वास्थ्य एवं नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पदयात्रा के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया।

उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति केवल किसी एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि परिवार, समाज और संस्थाओं को मिलकर इसके खिलाफ जागरूकता पैदा करनी होगी। युवाओं को नशे की बजाय शिक्षा, खेल, योग और सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना जरूरी है।

बापौली में कांग्रेस का ब्लॉक कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न, बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर जोर

जितेंद्र बघेल ने कहा, हर बूथ पर मजबूत टीम तैयार कर जनता से निरंतर संवाद स्थापित करें कार्यकर्ता

- मतदाता सूची और बूथ से जुड़े संगठनात्मक कार्य को पूरी गंभीरता के साथ करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत के बापौली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा ब्लॉक कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों ने भाग लिया। सम्मेलन में कांग्रेस सचिव एवं हरियाणा सह-प्रभारी जितेंद्र बघेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सम्मेलन में संगठन को ब्लॉक से लेकर मंडल और बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां तय करने तथा जनता के बीच निरंतर सक्रिय रहने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। जितेंद्र बघेल ने कहा बूथ मजबूत होगा तो संगठन मजबूत होगा। मुख्य अतिथि जितेंद्र बघेल ने कहा कि कांग्रेस संगठन की वास्तविक ताकत उसके जमीनी कार्यकर्ता हैं। संगठन को केवल कागजों तक सीमित रखने के बजाय प्रत्येक गांव और प्रत्येक बूथ पर सक्रिय टीम तैयार करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में संगठन की गतिविधियों को बूथ स्तर तक व्यवस्थित किया जाएगा और प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका एवं जिम्मेदारी स्पष्ट की जाएगी।



युवाओं, महिलाओं, किसानों, मजदूरों, व्यापारियों तथा समाज के सभी वर्गों के साथ निरंतर संवाद स्थापित कर उनके मुद्दों को संगठन के माध्यम से मजबूती से उठाने पर जोर दिया जाएगा। बघेल ने कहा कि हाल के दिनों में चुनावी प्रक्रिया और मतदाता सूचियों को लेकर राजनीतिक दलों के बीच गंभीर सवाल और आरोप सामने आए हैं। कांग्रेस इन विषयों पर लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से अपनी बात रख रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि मतदाता सूची और बूथ से जुड़े संगठनात्मक कार्य को पूरी गंभीरता के साथ करें तथा प्रत्येक बूथ पर अपनी टीम को मजबूत रखें। चुनाव आयोग ने दूसरी ओर मतदाता सूची संशोधन की प्रक्रिया को कानूनी प्रक्रिया के तहत बताया है और आरोपों से अलग अपना पक्ष रखा है। कंवर सिंह छोकर ने कहा—बापौली में संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करेंगे। कार्यक्रम के आयोजक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता कंवर सिंह छोकर जी ने कहा कि बापौली क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में संगठन को मजबूत करने को लेकर उत्साह है। उन्होंने कहा कि ब्लॉक के प्रत्येक गांव और बूथ तक कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर संवाद स्थापित किया जाएगा तथा संगठनात्मक गतिविधियों को और गति दी जाएगी। उन्होंने सम्मेलन में बड़ी संख्या में पहुंचने वाले सभी कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि कार्यकर्ताओं की सक्रियता ही संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है। रमेश मलिक ने कहा—अब बूथ स्तर पर संगठन को और मजबूत करना प्राथमिकता जिला कांग्रेस कमेटी, पानीपत (ग्रामीण) के जिलाध्यक्ष रमेश मलिक ने कहा कि बापौली ब्लॉक का सम्मेलन कार्यकर्ताओं की सक्रियता और संगठन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में ब्लॉक, मंडल और बूथ स्तर पर संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत किया जाएगा तथा प्रत्येक बूथ पर जिम्मेदार कार्यकर्ताओं की टीम तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची, बूथ प्रबंधन और संगठनात्मक समन्वय जैसे विषयों पर कार्यकर्ताओं को लगातार सक्रिय रहना होगा। कांग्रेस द्वारा मतदाता सूचियों की पारदर्शिता को लेकर उठाए जा रहे सवालों के बीच पार्टी ने बूथ स्तर पर अपने संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया है।

कार्यकर्ताओं के बीच निरंतर संवाद और समन्वय आवश्यक

रमेश मलिक ने सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए कंवर सिंह छोकर जी एवं बापौली ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष रावल का विशेष रूप से धन्यवाद एवं अभिनंदन किया। उन्होंने सभी पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने बड़ी संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाया। सचिन कुंडू ने संगठनात्मक एकजुटता पर दिया जोरवरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, हरियाणा यूथ कांग्रेस सचिन कुंडू ने कहा कि कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं के बीच निरंतर संवाद और समन्वय आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गांव से बूथ तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय करते हुए संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाया जाएगा। दिव्यांशु बुद्धिराजा ने कार्यकर्ताओं की भागीदारी को सराहाकांग्रेस नेता दिव्यांशु बुद्धिराजा ने सम्मेलन में कार्यकर्ताओं की बड़ी भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती के लिए युवाओं और जमीनी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जनता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाते हुए संगठनात्मक गतिविधियों को लगातार आगे बढ़ाया जाना चाहिए।

ये मौजूद रहे

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेसजन रहे उपस्थितसम्मेलन में सचिन कुंडू, दिव्यांशु बुद्धिराजा, बलबीर बाल्मीकि, दीपक खटकड़, डॉ. जगबीर पार्षद, सुभाष रावल, खुशीराम जागलान, सतेंद्र जांगड़ा, नरेंद्र शर्मा, भल्ला नंबरदार, शुभम गुर्जर, मदन बाल्मीकि, राम चंद्र शर्मा, सुरेंद्र रोड, सुरेंद्र गोड़, सतपाल रोड, ऋषिपाल छोकर, रज्जबीर सरपंच, रामबीर सेवादल, बीरा पहलवान कुराड़, वीरेंद्र शर्मा, दलबीर खोखर, आर्य देवरत कुटानी, पूर्व सरपंच बाबू राम, नरेश बापौली, मांगे राम, राजू नंबरदार, यशपाल सहरावत, चरण सिंह, शप्रवीण छाजपुर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेसजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गांधी जयंती पर गूंजे देशभक्ति के भजन



पानीपत। गांधी जयंती के उपलक्ष्य में तिरंगा कला परिषद पानीपत के तत्वावधान में श्री राम कृष्ण मंदिर समिति सेक्टर.11, हुडा में भजन संध्या का आयोजन किया गया। देशभक्ति भजन एवं गजल गायक डॉ.जगदीश शर्मा ने मधुर आवाज में भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत रघुपति राघव राजा राम पतित पावन सीताराम से हुई। इसके बाद वैष्णव जन तो तेने कहिए सहित विभिन्न भजनों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में कुंवर लाल अरोड़ा, सत्यपाल चावला, विकास जैन, अजय चौधरी, अशोक कुमार अरोड़ा, उपेंद्र, अमोल गोयल, अमित गोयल, मुकेश चंद, राजेश शर्मा, शिव चौधरी, रेखा चौधरी, ममता रानी, रेखा और संतोष सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

जरूरतमंद परिवारों की सेवा में जुटा जन सेवा दल



पानीपत। जन सेवा दल पिछले 42 वर्षों से गरीब, विधवा, बुजुर्ग और जरूरतमंद परिवारों की सेवा कर रहा है। संस्था द्वारा हर माह करीब 300 परिवारों को राशन वितरित किया जाता है। राशन वितरण से पहले सत्संग आयोजित किया गया। स्वामी दयानंद सरस्वती ने कहा कि प्रभु नाम का सिमरन ऐसा करें कि आज लेने वाले कल देने वाले बन जाएं। राजेंद्र रतन ने सेवा को मानव जीवन की सार्थकता बताया। ब्रह्म ऋषि ने बुजुर्गों व असहायों की सेवा, जबकि किशोर स्वामी ने भक्ति के साथ सेवा को जीवन का महत्वपूर्ण अंग बताया। कार्यक्रम में अशोक छाबड़ा व उनकी धर्मपत्नी, कैलाश लूथरा, सौरभ लूथरा, पूजा लूथरा, युधिष्ठिर शर्मा, भजन गायक लेखराज जताना सहित अनेक समाजसेवी मौजूद रहे।

आर्ट ऑफ लिविंग साधकों ने रखा चार दिवसीय मौन



एडवांस कोर्स में शामिल होते आर्ट ऑफ लिविंग साधक ।

पानीपत। आर्ट ऑफ लिविंग चैप्टर की ओर से मॉडल टाउन स्थित केंद्र में चार दिवसीय एडवांस कोर्स आयोजित किया गया। साधकों ने चार दिनों तक मौन साधना, ध्यान और प्राणायाम के माध्यम से आत्मिक शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव किया। वरिष्ठ शिक्षक सुरेंद्र गोयल ने मार्गदर्शन किया गया। जबकि सहायक शिक्षिका कुसुम धीमान ने सहयोग दिया। आयोजन में स्टेट टीचर्स कोऑर्डिनेटर दीपक सिंघल, पूजा सिंघल, गौतम सेतिया, सागर तागरा और अनिता खुराना का सहयोग रहा।



पानीपत। पूर्वांचल समाज के धरने में बैठे जेजेपी जिला प्रधान रामनिवास पटवारी व अन्य । फोटो : हरिभूमि

बिहार जाने वाली ट्रेनों के पानीपत ठहराव की मांग को जेजेपी ने दिया समर्थन

पानीपत। बिहार जाने वाली रेलगाड़ियों के पानीपत रेलवे स्टेशन पर ठहराव की मांग को लेकर पूर्वांचल समाज द्वारा किए जा रहे धरना-प्रदर्शन को जननायक जनता पार्टी ने समर्थन दिया। पार्टी के जिला प्रधान रामनिवास पटवारी, इसराना हलका प्रधान कप्तान जागलान, पूर्व जिला पंचायती प्रकोष्ठ प्रधान सुमेर जागलान, मीनाक्षी चावला, संगीत योगी, शैलेंद्र योगी, अतुल हांडा, दीपक, नितिन, सतबीर भगत रिसालू सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने धरने पर पहुंचकर मांग का समर्थन किया। रामनिवास पटवारी ने कहा कि बिहार जाने वाली ट्रेनों का पानीपत में ठहराव होने से पूर्वांचल के लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने रेलवे से जल्द ठहराव की मांग पूरी करने की अपील की।

सेवा संकल्प अभियान से बढ़ेगी जनभागीदारी

पानीपत। सेवा संकल्प अभियान के तहत 5 और 6 अक्टूबर को जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



उपायुक्त डॉ.हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधि मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से विद्यार्थियों और आमजन को सेवा, संस्कार, सामाजिक जिम्मेदारी, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण व जरूरतमंदों की सहायता के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने युवाओं से सेवा भावना को जीवन का हिस्सा बनाने तथा समाजहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। प्रशासन ने अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

पतंजलि योग समिति की मासिक बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। भारत स्वाभिमान की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

भारत स्वाभिमान, पतंजलि योग समिति, किसान सेवा समिति व युवा भारत की आज मासिक बैठक हुई। जिसमें योग शिक्षाओं का विस्तार के बारे में चर्चा हुई। सहयोग शिक्षक बनने पर चर्चा की गई। इसके अलावा योग शिविर लगाने बारे में बातचीत हुई। वक्ताओं द्वारा योग के महत्व के बारे में जानकारी विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान शीशपाल ने बताया कि मोटापे का अलग कैंप लगाया जाए और भिन्न-भिन्न बीमारियों के अलग-अलग कैंप लगाए जाएं। वहीं रमेश सैनी एएडवोकेट ने बताया की योग में प्रेरित करने के लिए जागरूक अभियान और चलाया जाए। बलवान सिंह ने बताया की जिन पार्कों में योग कक्षा नहीं चल रही है उसमें शुरू करवाई जाए। मोहन शर्मा योग शिक्षक ने कहा की हमें युवाओं को योग के प्रति स्कूलों में जाकर के जागरूक किया जा सकता है। बैठक में पूर्ण भार्गव को सह प्रभारी भारत स्वाभिमान की जिम्मेवारी दी गई। इस अवसर पर रामपाल शर्मा, रमेश सैनी, पूर्ण भार्गव, श्याम गुलाटी, मोहन लाल शर्मा, बलवान सिंह व शीशपाल सिंह आदि मौजूद रहे

पूर्वांचल समाज की मांगों को दिया समर्थन



पानीपत। पानीपत रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर पूर्वांचल समाज के लोगों के धरने और अनशन के बीच वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ.ओमवीर सिंह पंवार धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने आंदोलनकारियों की मांगों का समर्थन करते हुए केंद्र सरकार और रेल मंत्री से पानीपत स्टेशन पर आवश्यक ट्रेनों के ठहराव तथा छठ पूजा के दौरान बिहार और पूर्वांचल के प्रमुख शहरों के लिए विशेष ट्रेनें चलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि छठ करोड़ों लोगों की आस्था का पर्व है और यात्रियों की सुविधा के लिए पर्याप्त रेल व्यवस्था जरूरी है। इस अवसर पर पानीपत ग्रामीण मोर्चा अध्यक्ष सतपाल राणा, बलदेव अरोड़ा व सत्यपाल नरवाल सहित पूर्वांचल समाज के लोग मौजूद रहे।

श्री राम नाम की पोटली से पूरी होंगी भक्तों की अरदासें



पानीपत। दशहरा कमेटी सनौली रोड की बैठक सेक्टर 25 स्थित श्री रघुनाथ धाम में प्रधान रमेश माटा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में डॉ.आशीष सहगल और राहुल जुनेजा को नए सदस्य बनाया गया। रमेश माटा ने बताया कि इस बार 100 फुट ऊंचे रावण का पुतला पर्यावरण अनुकूल सामग्री से बनाया जाएगा तथा 19 और 20 अक्टूबर को पूजा होगी। आयोजन में ड्रोन, लेजर शो, साउंड शो, एलईडी स्क्रीन, पुष्पवर्षा, मेले, झूले और खानपान स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहेंगे। भक्त श्रीराम के नाम और अपनी अरदास की पोटली अयोध्या में श्रीराम के चरणों में समर्पित करने के लिए रख सकेंगे। स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज सहित अनेक संतों का सान्निध्य रहेगा। सुरक्षा के लिए सीसीटीवी, तीन स्तरीय सुरक्षा, एंबुलेंस, डॉक्टर और फायर ब्रिगेड की व्यवस्था रहेगी। बैठक में विरेन्द्र सोनी, पुरुषोत्तम शर्मा, देवेन्द्र रेवड़ी, गोविन्द रेवड़ी, कैलाश नारंग, पंकज आहुजा, सूरज दुरेजा, तिलक राज छाबड़ा, बसंत रामदेव, प्रीतम गुलाटी, डॉ. रमेश चुघ, कृष्ण रेवड़ी, अशोक नारंग, शाम सुंदर बतरा, महेंद्र पसरीचा, लीला कृष्ण भाटिया, किशन शर्मा, चूनी लाल चुघ, कैलाश लूथरा, अमित तनेजा, चरणजीत ढींगड़ा, विजय चौधरी, रविन्द्र शर्मा, तरुण धमीजा, चमन सेठी, रमन पाहवा, कृष्ण लखीना व राजेन्द्र टुटेजा आदि मौजूद रहे।

श्रीमद्भागवत कथा का समापन



पानीपत। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा कटारिया लैंड सेक्टर 12 में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का भावपूर्ण समापन हुआ। कथा के समापन अवसर पर भागवत भास्कर साध्वी कालिन्दी भारती जी ने संस्थान की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिव्य गुरु श्री आशुतोष जी महाराज ने पंजाब में आतंकवाद के दौर में संस्थान की शुरुआत की थीए जो आज विश्व स्तर पर ख्याति प्राप्त कर चुका है। संस्थान का उद्देश्य ब्रह्मज्ञान के माध्यम से धर्म को जन-जन तक पहुंचाना है। मानव मन की अशांति ही समाज में अशांति का मूल कारण है और ब्रह्मज्ञान से ही मन को शांति मिल सकती है।



देवी मंदिर में रामलीला मंच निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन

पानीपत। श्री रामलीला कमेटी श्री देवी मंदिर की ओर से 157वें वार्षिक श्री रामलीला उत्सव के लिए मंच निर्माण का भूमि पूजन किया गया। प्राचीन श्री देवी मंदिर के विद्वान पंडितों ने मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से पूजा कराई। अग्रवाल वैश्य पंचायत के प्रधान पवन बंसल काकू ने भूमि पूजन संपन्न कराया। प्रधान आदर्श गुप्ता ने बताया कि रामलीला उत्सव 10 से 21 अक्तूबर तक होगा। 10 अक्तूबर को श्री हनुमान जी का ध्वजारोहण, 15 अक्तूबर को श्री राम बारात, 20 को विजयदशमी तथा 21 को श्री राम राज्याभिषेक एवं विराट हास्य कवि सम्मेलन होगा। उन्होंने शहरवासियों से कार्यक्रम में पहुंचने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपप्रधान विरेंद्र बंसल, महासचिव मनोज सिंगला, कोषाध्यक्ष संजय बंसल, पूर्व प्रधान नवल, सुशील, विनय, बृजभूषण, अजय, कृष्ण, गंगा राम, विजय, अनिल, मनमोहन, सचिन, अभिषेक, विकास, अनुभव, जीवन, राजीव, एडवोकेट मेहुल जैन, एडवोकेट संदीप जिंदल, काकू अग्रवाल, रजत सिंगला, तरसेम सिंगला, सुभाष मित्तल, शशिकांत मित्तल, पवन गुप्ता, तारीस गर्ग और संजीव कुमार मौजूद रहे।

लाडो लक्ष्मी योजना का दायरा बढ़ा, 1.80 लाख आय तक की महिलाओं को मिलेगा लाभ

पानीपत। हरियाणा सरकार ने दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का दायरा बढ़ाते हुए अब 1.80 लाख रुपये तक की वार्षिक पारिवारिक आय वाली पात्र महिलाओं को भी योजना में शामिल किया है। पात्र महिलाओं को हर माह 2100 रुपये की आर्थिक सहायता सीधे बैंक खातों में दी जाएगी। उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि नए लाभार्थियों का पंजीकरण 17 सितंबर 2026 से शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र महिला योजना से वंचित न रहे, इसके लिए सेवा सेतु शिविरों में विशेष हेल्प डेस्क लगाए गए हैं। महिलाएं मोबाइल पर योजना का ऐप डाउनलोड कर घर बैठे भी पंजीकरण कर सकती हैं। उन्होंने ग्राम सचिवों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों से योजना की जानकारी अधिक से अधिक महिलाओं तक पहुंचाने की अपील की।



पानीपत। टोल प्लाजा पर प्रदर्शन करते ड्राइवर यूनियन के सदस्य । फोटो : हरिभूमि

तामशाबाद टोल प्लाजा पर ड्राइवर यूनियन का हंगामा

बापौली। हरिद्वार रोड स्थित तामशाबाद टोल प्लाजा पर ड्राइवर यूनियन के प्रतिनिधियों ने 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले पात्र वाहनों के पास बनाने में कथित मनमानी और टोल कर्मियों पर बदसलूकी का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई। चालकों ने अनावश्यक देरी से वाहनों की कतार लगने की शिकायत भी की। शिकायत के बाद टोल कर्मियों ने नियमों के अनुसार पात्र वाहनों के पास बनाने के लिए 24 घंटे का समय दिया। यूनियन ने समाधान नहीं होने पर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी। इस दौरान सद्दाम चौधरी, मुर्शित, एहसान, रामकरण, देवेंद्र, जाबिर चौधरी, अशोक, जावेद भुरा व वासिम आदि मौजूद रहे।



पानीपत। नए पदाधिकारियों का स्वागत करते सदस्य। फोटो : हरिभूमि

प्रजापति कुम्हार महासभा ने किया ब्लॉक कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से चुनाव

पानीपत। प्रजापति कुम्हार महासभा पानीपत की एक बैठक का आयोजन असंध रोड स्थित कार्यालय में किया गया। जिसमें ब्लॉक मतलौडा की कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। बैठक में राम शरण को मतलौडा ब्लॉक का प्रधान, राजेंद्र कुमार को सचिव और राजेश कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं सदस्य के रूप में सुभाष चंद्र, जगफूल, मनीष कुमार और अनिल कुमार को मनोनीत किया गया। बैठक में सूरत सिंह बावलिया, गोपी राम, जिला प्रधान सत्यवान काबड़ी, रामेश्वर गोला, रणधीर सिंह, राम निवास, बृजपाल, आदेश कुमार, राम शरण, राजेंद्र कुमार सहित समाज के कई गणमान्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

- राम शरण बने प्रधान, राजेंद्र कुमार सचिव

शिविर गांव भादौड़ स्थित ब्राह्मण चौपाल में लगा विशाल रक्तदान शिविर

युवाओं ने रक्तदान कर दिया मानवता एवं समाजसेवा का संदेश

रक्तदान महादान, मानवता की सेवा का सबसे बड़ा संकल्प : डॉ. नैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

रक्तदान महादान है और मानवता की सेवा से बढ़कर कोई पुण्य कार्य नहीं है। रक्त की एक बूंद किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन में नई उम्मीद जगा सकती है। यह बात इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय सचिव डॉ. नवीन नैन भालसी ने गांव भादौड़ स्थित ब्राह्मण चौपाल में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर के अवसर पर कही। श्री श्याम मंदिर कमेटी, भादौड़ की ओर से पंडित विनोद शर्मा जी की पुण्य स्मृति में आयोजित इस रक्तदान शिविर में युवाओं एवं क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर समाजसेवा और मानवता का संदेश दिया। इस अवसर पर श्याम स्वामी सुंदर जागरण पार्टी के अध्यक्ष श्यामलाल सुंदर जी ने बताया कि रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों की सहायता करना तथा युवाओं में रक्तदान और समाजसेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि पंडित विनोद शर्मा जी की स्मृति में आयोजित यह सेवा कार्य समाज के लिए एक प्रेरणादायक पहल है।



पानीपत।। रक्तदानियों को सम्मानित करते हुए डॉ .नवीन नैन भालसी व आयोजक। फोटो : हरिभूमि

रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया

कार्यक्रम में डॉ. नवीन नैन भालसी के साथ अविनाश मलिक, अध्यक्ष शहीद भगत सिंह यूथ क्लब एवं विशाल खोखर, राष्ट्रीय महामंत्री शहीद भगत सिंह यूथ क्लब मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रहे। इस दौरान डॉ. नवीन नैन भालसी ने कहा कि "इंसानियत की सबसे बड़ी पहचान दूसरों के काम आना है। रक्तदान ऐसा महादान है, जिसमें हमारा छोटा सा योगदान किसी परिवार की खुशियां बचा सकता है।" उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे एवं सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर रक्तदान, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जनसेवा जैसे कार्यों में अपनी भागीदारी बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि पंडित विनोद शर्मा जी की स्मृति में इस प्रकार का सेवा कार्य आयोजित करना उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। ऐसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारे, सहयोग एवं सेवा भावना को मजबूत करते हैं। शिविर में रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया गया तथा श्यामलाल सुंदर एवं उनकी आयोजन टीम की ओर से प्रत्येक रक्तदाता को पिट्ठू बैग भेंट करने की व्यवस्था की गई। अंत में डॉ. नवीन नैन भालसी ने आयोजक श्यामलाल सुंदर जी, श्री श्याम मंदिर कमेटी, सभी रक्तदाताओं, युवाओं एवं सहयोगी साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि "समाजसेवा केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवनभर निभाने वाला संकल्प होना चाहिए।

तीन सगे भाइयों से मारपीट के मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

पानीपत। थाना चांदनी बाग पुलिस ने कृष्णा गार्डन कॉलोनी में तीन सगे भाइयों से मारपीट के मामले में दो और आरोपियों शुभम निवासी नोहरा तथा तसलीम उर्फ मुन्ना निवासी सहारनपुर, यूपी, हाल किरायेदार कृष्णा गार्डन कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर किरण ने बताया कि पूछताछ में दोनों ने पहले गिरफ्तार आरोपी प्रद्युमन व पवन निवासी हरिसिंह कॉलोनी, नूरवाला तथा फरार आरोपी दिनेश के साथ वारदात करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त लोहे की पाइप व डंडे से जुड़ी दो चकरियां बरामद की हैं। मामले में पुलिस पहले प्रद्युमन व पवन को गिरफ्तार कर चुकी है। शिकायतकर्ता कुंदन पुत्र रमेश निवासी कृष्णा गार्डन के अनुसार 10 सितंबर को सुबह उसकी पत्नी का पड़ोसी दिनेश से विवाद हुआ था। शाम को 8 बजे करीब आठ-दस लोगों ने कुंदन तथा उसके भाइयों सत्यम और रवि पर लाठी.डंडों, चकरी व सूए से हमला किया।

श्री सायंकाल रामलीला लैया सभा के 76वें धर्म प्रचार वर्ष का ध्वजारोहण

पानीपत। श्री सायंकाल रामलीला लैया सभा के 76वें धर्म प्रचार वर्ष का ध्वजारोहण समारोह आईबी स्कूल समागार में श्री प्रेम मंदिर की परमाध्यक्षा श्री कांता देवी जी महाराज की अध्यक्षता और महामंडलेश्वर स्वामी अरुणदास जी की उपस्थिति में हुआ। मुख्य अतिथि वीरेंद्र शाह बुल्लेशाह ने धर्म ध्वजा फहराई। स.बलजीत सिंह, वरुण विज और राजकुमार पाहवा भी मौजूद रहे। परमवीर धींगरा, काकू बजाज, युधिष्ठिर लाल शर्मा, जगदीश चराया और सोनू शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। स्वामी अरुणदास ने रामराज्य की कामना का संदेश दिया। हवन-यज्ञ के बाद ध्वजारोहण किया गया। सभा की श्रीरामलीला 7 से 19 अक्टूबर तक आईबी स्कूल मैदान में होगी। इस अवसर पर रमेश माटा, जगदीश शर्मा, इशांत अग्निहोत्री, सुरेश कुमार दुर्गा, दीपक मखीजा, रामलाल भुगदा, गजेंद्र सलूजा, जगत राजपाल, भीम सेतिया, दयानंद अगी, यशपाल शर्मा, भारत भूषण बत्रा, दुर्गेश शर्मा, युधिष्ठिर मिगलानी, लक्ष्य अरोड़ा, एलएन मिगलानी, ठाकुरदास शर्मा, केनेडी ओबरॉय, महेंद्र हुंडिया, गोविन्द कालड़ा, हंसराज कथूरिया, ललित धमीजा, गिरीश मानव, गोबिंद झांब, दर्शन नागपाल, बृज भूषण काठपाल, दर्शन बवेजा, चमन गुलाटी व सुरेश बवेजा सहित लैया बिरादरी व विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी मौजूद रहे।

क्रिकेट देश के लोगों के जीवन से गहराई से जुड़ा

पानीपत। मुथूट फिनकॉर्प के संयुक्त प्रबंध निदेशक थॉमस जॉर्ज मुथूट ने कहा कि बीसीसीआई के साथ यह साझेदारी राष्ट्रीय और घरेलू स्तर पर भारतीय क्रिकेट को समर्थन देने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी शाजी वर्गीज के अनुसार क्रिकेट देश के लोगों के जीवन से गहराई से जुड़ा है और यह साझेदारी उनसे जुड़ने का व्यापक अवसर प्रदान करेगी।

खबर संक्षेप

एसडी कॉलेज में आज लगेगा शिविर

अंबाला। सेवा संकल्प सेतु अभियान के तहत 5 अकतूबर सोमवार को प्रातः 10 बजे से एसडी कॉलेज में कैंप आयोजित किया जाएगा। कैंप में तहत सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। मौके पर ही विभिन्न योजनाएं का लाभ लोगों को दिया जाएगा। कैंप में विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। इस दौरान दौरान विवाह पंजीकरण, जन्म व मृत्यु प्रमाणपत्र, प्रॉपर्टी टैक्स निवारण, फैमिली आईडी, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, आधार कार्ड अपडेशन, लाडो लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी सेवाओं के लिए काउंटर बनाए जाएंगे।

पात्र सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं: विरेंद्र

अंबाला। नगर निगम के आयुक्त विरेंद्र सहरावत ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत 5 अक्तूबर दिन सोमवार को प्रातः 10.00 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अंबाला शहर में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस शिविर में केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को प्रदान किया जाएगा। इस शिविर में अन्य विभागों के भी अधिकारी मौजूद रहेंगे ताकि यहां पहुंचे लोगों को योजनाओं के बारे जानकारी देकर उनका लाभ देने का कार्य किया जा सके। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि सेवा सेतु शिविर में पहुंचकर विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं।

सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

शहजादपुर। प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम के माध्यम से आंगनवाड़ी केंद्रों पर महिलाओं एवं बच्चों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही, पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक प्रक्रिया भी पूरी की जा रही है। गांव गणेशपुर की आशा रानी ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी के लिए आंगनवाड़ी केंद्र में 'आपकी बेटी हमारी बेटी' योजना के तहत लाभ लेने के लिए आवेदन करवाया है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत उनकी बेटी के 18 वर्ष की आयु पूरी होने पर निर्धारित लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने इस योजना के लिए सरकार का आभार व्यक्त किया।

कार की टक्कर से सब्जी कारोबारी की मौत

अंबाला। अंबाला छावनी के फुटबॉल चौक पर स्वास्तिक चौक की दिशा से आई एक तेज रफ्तार कार ने पंजाबी बाग निवासी सब्जी व्यापारी राजन की एक्टिवा को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि राजन उछलकर सड़क पर जा गिरे। उनके सिर, नाक और कान से खून बहने लगा। आनन-फानन उन्हें कैंट के नागरिक अस्पताल लाया गया। यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वह हर दिन की तरह सुबह पूजा-पाठ कर घर से एक्टिवा पर सवार होकर सब्जी मंडी के लिए निकले थे, लेकिन एक हादसे ने उनकी जान ले ली। पुलिस ने शिकायतकर्ता शुभम के बयान पर पानीपत के वार्ड नंबर 13 की सांई कॉलोनी के आरोपी कार चालक सागर चौहान के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एएसआई नरेश कुमार ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है। परिवादी ने बताया कि हादसे वक्त अपनी मोटरसाइकिल पर आ रहे उनके पड़ोसी शुभम (30) ने पुलिस को बताया कि सुबह 5 बजे राजन अंकल अपनी एक्टिवा से कबाड़ी मार्केट रोड होते हुए सब्जी मंडी जा रहे थे। वो उनसे थोड़ी दूरी पर पीछे चल रहा था।

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में एसडीएम ने किया ऐलान

मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र के तौर पर विकसित होंगे पांच केंद्र : कनिका

- आंगनवाड़ी वर्कर्स की कार्यकुशलता की जमकर की तारीफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

सेवा संकल्प अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी की ओर से अंबाला छावनी के जीएमएन कॉलेज में रविवार को आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम कनिका गोयल ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। इस मौके पर नगर परिषद् अध्यक्ष स्वर्ण कौर, उपाध्यक्ष ललता प्रसाद, जीएमएन कॉलेज के प्रधान डॉ. गुरदेव सिंह, कॉलेज प्रबधंन कमेटी महासचिव अजय अग्रवाल, कार्यक्रम की जिला संयोजक आरती सहगल, सह सहयोजक मोनिका विग, मंडल प्रधान हर्ष बिंद्रा, रवि बुद्धिराजा, परवेश शर्मा, विकास बहगल, बीएस बिंद्रा, संजीव सोनी, बिजेंद्र चौहान, राजीव डिंपल भी उपस्थित रही। इससे पहले एसडीएम व नगर परिषद् अध्यक्ष का यहां पहुंचने पर डीपीओ मनीषा ने पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया। इस मौके पर महासचिव अजय अग्रवाल ने कैबिनेट मंत्री अनिल विज की ओर से अपने स्वैच्छिक कोष से कार्यक्रम की सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर एवं विभाग की गतिविधियों के लिए 1 लाख रूपए देने की घोषणा भी की। एसडीएम कनिका गोयल ने रिबन काटकर तथा माता सरस्वती के समक्ष दीपशिखा प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने इस मौके पर कार्यक्रम के सफलता पूर्वक आयोजन को लेकर आंगनवाड़ी वर्करों, कॉलेज के स्टॉफ के साथ-साथ अन्य का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आंगनवाड़ी शब्द की उत्पत्ति 2 अक्तूबर 1975 में हुई थी। आंगनवाड़ी शब्द का मतलब यहीं है कि यहां पर बच्चों को आंगन के रूप में सुविधा मिल सके। आंगनवाड़ी वर्करों ने सही मायने में इसकी नींव रखने का काम किया हैं। वे अपने कार्य को बखुबी कर रही हैं। यहां पर जो भी बच्चे आते है,उनका ध्यान रखकर उन्हें जीवन में आगे बढने के लिए तैयार करते है। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि कार्यक्रम के दौरान छोटे-छोटे बच्चों ने जो प्रस्तुतियां पेश की है। वे सब आंगनवाड़ी वर्करों के जरिए हुई जिन्होंने बच्चों को तैयार किया । वर्करों द्वारा जो कार्य किए जा रहे है।





अंबाला। कार्यक्रम के दौरान स्थापित काउंटर का अवलोकन करती एसडीएम व प्रस्तुति देती आंगनवाड़ी वर्कर्स। फोटो: हरिभूमि

स्टॉलों का अवलोकन किया

कार्यक्रम के दौरान एसडीएम कनिका गोयल व अन्य गणमान्य लोगों ने विभाग द्वारा यहां पर लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन भी किया। एसडीएम ने इस दौरान महिला बाल विकास विभाग द्वारा यहां पर लगाए गए पौष्टिक व्यंजनों की सराहना भी की। कहा कि कुपोषण से बाहर लाने के लिए विभाग की ओर से करवाई जा रही गतिविधियां सराहनीय हैं। पूर्व मंडल प्रधान बिजेंद्र चौहान ने एसडीएम के साथ-साथ अन्य का यहां पहुंचने पर स्वागत करते कहा कि कैबिनेट मंत्री अनिल विज के मार्गदर्शन में सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां एवं कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

ये रही मौजूद

इन कार्यक्रमों के लिए जिला संयोजक के रूप में आरती सहगल व सह संयोजक के रूप में मोनिका विग की जिम्मेवारी लगाई गई है। डीपीओ मनीषा ने बताया कि 9 सितंबर से 9 अक्तूबर तक राष्ट्रीय पौषण माह मनाया जा रहा है। सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में इस अभियान के बारे में आमजन को जागरूक कर सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। मौके पर नप सदस्य नरेश धवन, रेनू चौहान, सोमनाथ, गौरव, बलजिंद्र, प्रिसिंपल डॉ. रोहित दत्त, कोषाध्यक्ष आलोक गुप्ता, जसबीर जस्सी, सुदर्शन सहगल, फकीरचंद सैनी, सुभाष शर्मा, दीपक भसीन, बलित नागपाल, बीनू गर्ग, बबिता जैन भी मौजूद रही।

छात्रों को एनएमएमएस योजना के चार वर्ष में मिलेगी 48 हजार की स्कॉलरशिप

- योजना का लाभ लेने के लिए छात्रों को पहले पास करनी होगी परीक्षा, आवेदन प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय साधन-सह-योग्यता छात्रवृत्ति योजना (एनएमएमएस) के तहत सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले पात्र विद्यार्थियों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो गई है। विद्यार्थी आगामी 24 अक्तूबर 2026 तक इस योजना के लिए अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए उनकी शिक्षा को निरंतर बनाए रखना है।

29 नवंबर को होगी लिखित परीक्षा

जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने बताया कि योजना के तहत चयन के लिए 29 नवंबर 2026, रविवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा में मानसिक एवं बौद्धिक योग्यता परीक्षण से संबंधित दो भाग होंगे, जिनमें 90-90 प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा और प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए जाएंगे।

परीक्षा ओएमआर शीट के माध्यम से आयोजित की जाएगी। कालड़ा ने बताया कि परीक्षा में वही विद्यार्थी भाग ले सकते हैं जो वर्तमान में कक्षा आठवीं में सरकारी विद्यालय में अध्ययनरत हैं। उन्होंने कक्षा सातवीं की परीक्षा सरकारी विद्यालय से कम से कम 55 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो। इसके अतिरिक्त विद्यार्थी के माता-पिता की सभी स्रोतों से कुल वार्षिक आय 3.50 लाख रुपये से कम होनी चाहिए।

101 का चयन



जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि पिछले वर्ष जिले से 101 विद्यार्थियों का चयन छात्रवृत्ति के लिए हुआ था। चयनित विद्यार्थियों को चार वर्षों तक 12,000 रुपये प्रतिवर्ष की दर से कुल 48,000 रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। उन्होंने सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत सभी पात्र विद्यार्थियों से इस अवसर का लाभ उठाने का आह्वान किया। जिला नोडल अधिकारी एवं जिला गणित विशेषज्ञ सुशील अरोड़ा ने बताया कि जिले के सभी सरकारी विद्यालयों के मुखियाओं को पात्र विद्यार्थियों का पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। पंजीकरण के लिए निर्धारित वेबसाइट एवं लिंक भी विद्यालयों के साथ सांझा किए जा चुके हैं। परीक्षा की बेहतर तैयारी करवाने के लिए पिछले सत्रों के प्रश्न-पत्र एवं उत्तर कुंजियां, विभाग द्वारा जारी प्रश्न-बैंक तथा अभ्यास के लिए ओएमआर शीट भी सभी विद्यालयों के प्रमुखों के साथ सांझा की गई है। विद्यालय स्तर पर पात्र विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है।

खुलेंगे करियर के नए द्वार: सांसद

- नवीन जिन्दल फाउंडेशन और जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन के सहयोग से करियर कनेक्ट आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



नवीन जिंदल।

कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के युवाओं को वैश्विक रोजगार के अवसरों से जोड़ने की दिशा में सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर नवीन जिन्दल फाउंडेशन और जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन आफ वेल्फेयर सर्विसेज के सहयोग से कुरुक्षेत्र-जापान करियर कनेक्ट का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम 5 अक्टूबर को दोपहर 12 से 2 बजे तक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एम.वी. ऑडिटोरियम, युनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में होगा। नवीन जिंदल फाउंडेशन की ओर से रोहतक के पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, सांसद नवीन जिन्दल के संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह पूर्व आईएएस, युनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. सुनील ढींगरा और कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर के अधिकारी जापान के प्रतिनिधिमण्डल का स्वागत करेंगे। इस कार्यक्रम में जापान से आया प्रतिनिधिमंडल छात्रों से सीधे संवाद करेगा और उन्हें बताएगा कि जापान में रोजगार के लिए किन कौशलों की जरूरत है, जापानी भाषा का ज्ञान क्यों महत्वपूर्ण है, विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के क्या अवसर हैं और भारतीय युवा इन अवसरों तक पहुंचने के लिए किस प्रकार तैयारी कर सकते हैं। नवीन जिन्दल फाउंडेशन स्किल डेवलपमेंट के वाइस प्रेसिडेंट डॉ मनीष मिश्रा ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि सांसद नवीन जिन्दल का है कि कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र का युवा रोजगार की तलाश में अवसरों का इंतजार करने वाला नहीं, बल्कि अपने कौशल के बल पर देश-दुनिया में अवसर हासिल करने वाला बने। इसी सोच के तहत नवीन अवसर के माध्यम से युवाओं को आधुनिक कौशल, व्यावसायिक प्रशिक्षण और अंतरराष्ट्रीय रोजगार की संभावनाओं से जोड़ने पर जोर दिया जा रहा है।

शिविर में 101 युवाओं ने किया रक्तदान

- भाजपा ग्रामीण मंडल द्वारा दलीपगढ़ में रक्तदान शिविर में युवाओं ने दिखाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। शिविर में रक्तदान करने वाले युवाओं को प्रोत्साहित करते आयोजक। फोटो: हरिभूमि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस और उनके 25 वर्ष जनसेवा समर्पण के उपलक्ष्य पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सेवा संकल्प सेवा सेतु अभियान के तहत अंबाला छावनी दिलीपगढ़ स्थित कम्युनिटी सेंटर में ग्रामीण मंडल द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में उत्साहपूर्वक हिस्सा लेते हुए 101 युवाओं ने रक्तदान किया। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने वर्चुअल इस शिविर से जुड़ते हुए रक्तदान करने वाले हर रक्तदाताओं को अपने स्वैच्छिक कोष से 1100-1100 रुपये प्रोत्साहन स्वरूप देने की घोषणा की। भाजपा ग्रामीण मंडल प्रभारी किरणपाल चौहान और प्रधान विकास बहगल ने बताया कि शिविर में सिविल अस्पताल अंबाला छावनी की अनुभवी टीम की देखरेख में 101 यूनिट रक्त एकत्रित किया। उन्होंने बताया कि शिविर में युवा रक्तदाताओं ने पूरा उत्साह दिखाया और उनके साथ भाजपा कार्यकर्ताओ ने भी रक्तदान किया। रक्तदान करने वालो का उत्साह भी बढ़ाया गया। शिविर के दौरान अंबाला छावनी की एसडीएम कनिका गोयल, ग्रामीण मंडल प्रभारी किरणपाल चौहान, मंडल अध्यक्ष विकास बहगल, महामंत्री राम बाबू यादव, भारत कोछड़, बिल्लू राणा, दीपक दीप, ऊषा तोमर, नविंदर सिंह, मदन लाल शर्मा, रीना शाक्य, शिल्पा पासी, मोहित कौशिक, बबीता जेना, साधना रानी, हिमांशु सिंह, अभिषेक धीमान, मुकेश पासी, विकास चौहान भी मौजूद रहे।



लाडवा। माता शाकुंभरी देवी मंदिर में माता की पूजा करते समिति सदस्य।

मंदिरों को विशेष रूप से सजाया जाएगा : गर्ग

लाडवा। माता शाकुंभरी देवी मंदिर में आगामी नवरात्रों को लेकर माता शाकुंभरी देवी मंदिर समिति की बैठक समिति प्रधान नरेश गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में नवरात्रों के दौरान मंदिर में होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों और व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। समिति सचिव भगवान दास अरोड़ा ने बताया कि नवरात्रों के दौरान मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया जाएगा। नवरात्रों के दौरान प्रतिदिन अलग-अलग यजमानों द्वारा मंदिर में मां भगवती की पूजा-अर्चना की जाएगी। समिति की ओर से मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि नवरात्रों की अष्टमी के अवसर पर मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समिति प्रधान नरेश गर्ग ने कहा कि नवरात्र मां भगवती की आराधना का पावन पर्व है।

नाथजी आईटीआई में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव कल

उचाना। नाथजी प्राइवेट आईटीआई पालवां रोड पर 6 अक्टूबर को कैंपस प्लेसमेंट एवं ऑन-जॉब ट्रेनिंग ड्राइव आयोजित की जाएगी। कंपनी करीब 200 पदों के लिए विद्यार्थियों का चयन करेगी। इलेक्ट्रीशियन, वायरमैन, वेल्डर, मशीनिस्ट व मोटर व्हीकल फिटर सहित संबंधित ट्रेडों के योग्य विद्यार्थी इसमें भाग ले सकेंगे।

भाजपा महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष का अभिनंदन

- हरियाणा महिला मोर्चा की हर स्तर की कार्यकारिणी का विस्तार होगा जल्द : पाहवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाहबाद



शाहबाद। ऋचा पाहवा का अभिनंदन करते चेयरमैन सुभाष कलसाना व अंकुर सैनी।

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष ऋचा पाहवा शाहाबाद के वार्ड नंबर 9 में भाजपा नेत्री अंकुर सैनी के निवास पर पहुंचीं। शाहाबाद पहुंचने पर अंकुर सैनी की ओर से प्रदेश अध्यक्ष ऋचा पाहवा और हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन सुभाष कलसाना का भव्य अभिनंदन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं महिलाएं मौजूद रहीं। प्रदेश अध्यक्ष ऋचा पाहवा ने महिला मोर्चा की कार्यकारिणी के जल्द विस्तार को लेकर चर्चा की और संगठन में अधिक से अधिक महिलाओं को जिम्मेदारियां देने तथा उन्हें राजनीति में आगे लाने पर विचार-विमर्श किया। कहा कि भाजपा महिला मोर्चा केवल राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि महिलाओं को नेतृत्व के अवसर देने और उन्हें समाज के प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ाने का मजबूत माध्यम है।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पर्यावरण आयोग के चेयरमैन बसंत राणा, पार्षद ईशा सचदेवा, हरसिमरन सिद्धू, कमित सचदेवा, प्रतिमा पंडित, ईशा अग्रवाल, सोनिया मेहंदीरत्ता, अधिवक्ता मनदीप रावा, आकाशदीप मेहला, रोहित सैनी यारा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

- टिकट बुकिंग के नाम पर अंजाम देता था ठगी की वारदातें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

पुलिस द्वारा ठगी तथा धोखाधड़ी करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे सख्त अभियान के तहत विदेश भेजने के नाम पर टिकट बुक करवाने के बहाने लोगों से मोटी रकम ठगने वाले एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। 2 जुलाई 2025 को शिकायतकर्ता दीपक कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि आरोपी दीपक राज व अन्य ने मिलकर दिनांक 12 अप्रैल 2025 से 19 मई 2025 के दौरान उन्हें अपने जाल में फंसाया। आरोपियों ने विदेश भेजने के नाम पर एयर टिकट बुक कराने के एवज में शिकायतकर्ता तथा अन्य कई लोगों से बड़ी रकम ठग ली और विश्वासघात किया। शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ तुरंत मुकदमा दर्ज कर गहनता से छानबीन शुरू की गई थी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने नामजद आरोपी दीपक राज को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के लिए अब आरोपी को रिमांड पर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ पहले भी थाना सेक्टर 09 में धोखाधड़ी से संबंधित मामले दर्ज हैं।

कार्यक्रम

साध्वी भारती बोली- जीवन में गुरु कृपा का महत्व सर्वोपरि

पुरुषार्थ से ही गुरु कृपा का पात्र बनता है शिष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर के मॉडल टाऊन स्थित दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान आश्रम में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परम पूजनीय दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी सुश्री भारती ने प्रेरणादायक विचारों के माध्यम से पुरुषार्थ और गुरु कृपा के गहरे आध्यात्मिक संबंध पर प्रकाश डाला। साध्वी ने कहा कि जीवन में गुरु कृपा का महत्व सर्वोपरि है, किन्तु गुरु कृपा का वास्तविक लाभ वही शिष्य प्राप्त कर सकता है। जो अपने जीवन में पुरुषार्थ करने के लिए तत्पर हो। केवल गुरु की कृपा की प्रतीक्षा करना पर्याप्त नहीं अपितु उस कृपा को अपने जीवन में उतारने के लिए साधक का निरंतर प्रयास, अनुशासन व साधना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गुरु कृपा उस प्रकाश के समान है, जो मार्ग को प्रकाशित करती है, लेकिन उस मार्ग पर चलने का पुरुषार्थ शिष्य को स्वयं करना होता है। जब शिष्य अपने कर्मों, विचारों और जीवनशैली को गुरु के महान आदर्शों के अनुकूल ढालने का निरंतर प्रयास करता है तभी वह गुरु कृपा से लाभान्वित हो पाता है।



अंबाला। सत्संग में प्रवचन करती साध्वी भारती। फोटो: हरिभूमि

सुमधुर भजनों का गायन किया

साध्वी ने सुंदर उदाहरण देते हुए कहा कि हमें अन्न जल इत्यादि कुछ भी ग्रहण करने के लिए किसी पात्र की आवश्यकता होती है ठीक इसी प्रकार गुरु भी अपनी कृपा के पात्र को ढूंढते हैं जब किसी शिष्य का हृदय निस्वार्थ भाव व समर्पण से परिपूर्ण मिलता है तो गुरु अपनी अहैतुकी कृपा उस शिष्य पर लूटा देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि सच्चा पुरुषार्थ केवल सांसारिक उपलब्धियों को प्राप्त करने का प्रयास नहीं है अपितु वास्तविक पुरुषार्थ तो अपने भीतर के अज्ञान, अहंकार, आलस्य और नकारात्मक संस्कारों पर विजय प्राप्त करना है। जब शिष्य गुरु के दिव्य मार्ग पर श्रद्धा, विश्वास और निरंतरता के साथ चलता है तब उसका पुरुषार्थ गुरु कृपा को ग्रहण करने का माध्यम बन जाता है। उन्होंने कहा कि गुरु कृपा शिष्य को सामर्थ्य प्रदान करती है और शिष्य का पुरुषार्थ उस सामर्थ्य को सार्थक दिशा देता है। दोनों का समन्वय ही साधक के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। साध्वी जी ने उपस्थित साधकों को प्रेरित करते हुए कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में गुरु की शिक्षाओं को केवल सुनना ही नहीं अपितु उन्हें आचरण में भी उतारना चाहिए। नियमित साधना, सुमिरन, सत्संग, सेवा और सद्कर्मों के माध्यम से अपने जीवन को श्रेष्ठ दिशा देने का निरंतर प्रयास ही सच्चा पुरुषार्थ है। सत्संग कार्यक्रम के अंत में साध्वी बहनों द्वारा सुमधुर भजनों का गायन किया गया। सामूहिक ध्यान-साधना के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

पीएम के मूलमंत्र को धरातल पर उतार रहे विधायक अत्री

उचाना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भाजपा विधायकों को जनता के बीच रहकर सरकार की नीतियों और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का जो मूलमंत्र दिया गया है, उचाना विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री विधायक बनने के बाद से ही उसे धरातल पर उतारने में जुटे हैं। विधायक सप्ताह में पांच दिन उचाना हलके में रहकर लोगों से सीधा संवाद करते हैं। उनके आवास पर हर रोज करीब 400 लोग अपनी समस्याएं और मांगें लेकर पहुंचते हैं। पीएम मोदी द्वारा बालिका शिक्षा पर जोर दिया।

आमजन के बीच विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की पहचान मिलनसार और लगातार लोगों के बीच रहने वाले जनप्रतिनिधि के रूप में बन रही है। विधायक लोगों की समस्याएं सुनने के साथ संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर उनके समाधान का प्रयास करते हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005